| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 3. | उड़ीसा कृषि तथा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर (उड़ीसा) . . | 24-8-1962 |
| 4. | पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना (पंजाब) . . . | 18-10-1962 |
| 5. | कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, हेब्बल, बंगलौर-24 (मैसूर) . . | 21-8-1964 |
| 6. | जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर (म० प्र०) . . | 1-10-1964 |
| 7. | आन्ध्र प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, इरक्का, हैदराबाद (आ० प्र०) | नवम्बर, 1964 |
| 8. | असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट-4, (असम) . . . | 1-4-1969 |
| 9. | महात्मा फूले कृषि विद्यापीठ, राहुरी, जिला-अहमदनगर (महाराष्ट्र) . | 20-10-1969 |
| 10. | पंजाबराव कृषि विद्यापीठ, कृषिनगर, अकोला (महाराष्ट्र) . . | 20-10-1969 |
| 11. | हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार (हरियाणा) . . . | 2-2-1970 |
| 12. | हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, (कृषि काम्प्लेक्स) शिमला, (हिमाचल प्रदेश) | 22-7-1970 |
| 13. | राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, गो० आ० -पूसा, जिला--समस्तीपुर (बिहार) | 3-12-1970 |
| 14. | तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर-3, (तमिलनाडु) . . | 1-6-1971 |
| 15. | गुजरात कृषि विश्वविद्यालय, डफनाला के निकट, शाहीबाग, सरकारी बंगला नं० 5, अहमदाबाद-4 (गुजरात) | 1-2-1972 |
| 16. | केरल कृषि विश्वविद्यालय, मन्नुती, जिला—त्रिचूर (केरल) . . | 26-2-1972 |
| 17. | मराठवाड़ा कृषि विद्यापीठ, परभनी (महाराष्ट्र) . . . | 8-5-1972 |
| 18. | कोकण कृषि विद्यापीठ, डपोली, जिला —रत्नागिरी (महाराष्ट्र) . . | 18-5-1972 |
| 19. | विधान चन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, हरिनघाटा, पो० आ० —मोहनपुर, जिला—नदिया—741244, कल्याणी (पश्चिम बंगाल) . . . | 1-9-1974 |
| 20. | चन्द्रशेखर आजाद कृषि तथा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर-208002 | 1-3-1975 |
| 21. | नरेन्द्र देव कृषि तथा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फैजाबाद (उ० प्र०) . | 17-10-1975 |

**सूखाग्रस्त राज्यों में ग्रामीण पुनर्निर्माण**

797. **श्री एम० के० शेजवलकर :** क्या ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विशेष रूप से सूखाग्रस्त राज्यों मे ग्रामीण पुनर्निर्माण की इस वर्ष क्या योजनाएं हैं; और

(ख) विशेष रूप से मध्य प्रदेश के लिये क्या योजनाएं हैं ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) :** (क) ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालय पांच विशेष योजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है—लघु किसान विकास कार्यक्रम, समन्वित ग्राम विकास कार्यक्रम, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम, मरुभूमि विकास कार्यक्रम तथा काम के बदले अनाज कार्यक्रम । इसके अलावा, सूखे से प्रभावित राज्यों को 131.69 करोड़ रुपए की अग्रिम योजना सहायता सुलभ की गई है तथा काम के बदले अनाज कार्यक्रम के अन्तर्गत 25.63 लाख रुपए के खाद्यान्न वंटित किए गए हैं । संलग्न विवरण में अग्रिम योजना सहायता, खाद्यान्नों का वंटन

तथा राज्य के कुछेक क्षेत्रों में चल रही विशेष योजनाओं के राज्य-वार ब्यौरे दिए गए हैं :

(ख) मध्य प्रदेश के लिए अग्रिम योजना सहायता तथा खाद्यान्नों का बंटन उपर्युक्त विवरण में दर्शाया गया है । मध्य प्रदेश में मरुभूमि विकास कार्यक्रम को छोड़कर, सभी विशेष योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं । लघु किसान विकास कार्यक्रम, समन्वित ग्राम विकास कार्यक्रम तथा सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यय को केन्द्र तथा राज्यों के बीच बराबर-बराबर बांटा जाता है । अक्तूबर, 1979 के अन्त तक, राज्य सरकार ने इन तीनों योजनाओं के अन्तर्गत 361.68 लाख रुपए व्यय किए थे ।

विवरण

| क्रम संख्या | राज्य | कुल अग्रिम योजना सहायता (लाख रुपए में) | 1979–80 के दौरान बंटित खाद्यान्न (लाख मीटरी टन में) | राज्य के कुछेक क्षेत्रों में चल रही विशेष योजनायें |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | आन्ध्र प्रदेश . | 2028 | 2.31 | समन्वित ग्राम विकास कार्यक्रम, लघु किसान विकास एजेंसी, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम । |
| 2. | बिहार . | 1080 | 3.61 | — वही — |
| 3. | हरियाणा . | 450 | 0.74 | समन्वित ग्राम विकास कार्यक्रम, लघु किसान विकास एजेंसी, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम, मरुभूमि विकास कार्यक्रम । |
| 4. | हिमाचल प्रदेश . | 358 | 0.30 | समन्वित ग्राम विकास कार्यक्रम, लघु किसान विकास एजेंसी, मरुभूमि विकास कार्यक्रम । |
| 5. | जम्मू तथा काश्मीर | 225 | 0.45 | समन्वित ग्राम विकास, कार्यक्रम लघु किसान विकास एजेंसी, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम, मरुभूमि विकास कार्यक्रम । |
| 6. | मध्य प्रदेश . | 2125 | 3.26 | समन्वित ग्राम विकास कार्यक्रम, लघु किसान विकास एजेंसी, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम । |
| 7. | महाराष्ट्र . | 685 | 1.61 | समन्वित ग्राम विकास कार्यक्रम, लघु किसान विकास एजेंसी, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम । |
| 8. | उड़ीसा . . | 1030 | 2.51 | समन्वित ग्राम विकास कार्यक्रम, लघु किसान विकास एजेंसी, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम । |
| 9. | राजस्थान . | [illegible]385 | 3 90 | समन्वित ग्राम विकास कार्यक्रम, लघु किसान विकास एजेंसी, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम, मरुभूमि विकास कार्यक्रम । |
| 10. | उत्तर प्रदेश . | 3121 | 5.43 | समन्वित ग्राम विकास कार्यक्रम, लघु किसान विकास एजेंसी, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम । |
| 11. | पश्चिम बंगाल . | 382 | 2.41 | समन्वित ग्राम विकास कार्यक्रम, लघु किसान एजेंसी, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम । |
| | कुल | 13169 | 25.63 | |